# बिहार खेल विश्वविद्यालय

No. BSUR/288/2025 Date : 11.04.2025

**PR No. 08/2025**

## प्रेस विज्ञप्ति

## बिहार खेल विश्वविद्यालय की वेबसाइट का लोकार्पण

**(www.bsur.bihar.gov.in)**

एतद् द्वारा सूचित करना है कि बिहार खेल विश्वविद्यालय, राजगीर की आधिकारिक वेबसाइट (www.bsur.bihar.gov.in) का लोकार्पण आज दिनांक 11 अप्रैल 2025 को अपराह्न 4:00 बजे, बिहार खेल विश्वविद्यालय, राजगीर के प्रशासनिक भवन, द्वितीय तल स्थित सम्मेलन कक्ष में मान्नीय श्री श्रवण कुमार, मंत्री ग्रामीण विकास विभाग, बिहार सरकार द्वारा सम्पन्न हुआ।

इस अवसर पर नालन्दा लोकसभा क्षेत्र के मान्नीय सांसद श्री कौशलेन्द्र कुमार मुख्य अतिथि के रूप में उपस्थित रहे। कार्यक्रम की अध्यक्षता बिहार खेल विश्वविद्यालय के कुलपति श्री शिशिर सिन्हा, भा०प्र०से० (से०नि०) ने की। विश्वविद्यालय के कुलसचिव श्री रजनी कान्त, भा०प्र०से० (से०नि०), श्री निशिकान्त तिवारी, परीक्षा नियंत्रक–सह–संकायाध्यक्ष एवं श्री मुकेश सम्राट, वित्त पदाधिकारी इस अवसर पर उपस्थित रहे।

यह वेबसाइट विश्वविद्यालय के शैक्षणिक, प्रशासनिक एवं अन्य गतिविधियों की जानकारी प्रदान करेगी और छात्रों, अभिभावकों तथा खेल जगत से जुड़े सभी हितधारकों के लिए उपयोगी सिद्ध होगी।

इस पहल से विश्वविद्यालय की डिजिटल उपस्थिति सुदृढ़ होगी और पारदर्शिता एवं सूचना के त्वरित प्रवाह को बढ़ावा मिलेगा।

11/4/25

(रजनी कान्त)
कुलसचिव
बिहार खेल विश्वविद्यालय, राजगीर